## भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित लोक नृत्य और गीत का आयोजन




**मण्डला, देशबन्धु।** प्राधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मण्डला में आज दिनांक 21.11.2024 को भारतीय ज्ञान परम्परा और संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य और लोकगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

म.प्र.शासन उच्च षिक्षा विभाग भोपाल के आदेषानुसार भारत की प्राचीन परम्परा से युवा विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देष्य से अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के नव नियुक्त प्राचार्य डॉ.अनिल गुप्ता ने कहा कि प्राचीनकाल में भारत अपने जिस ज्ञान विज्ञान के आधार पर विष्व गुरू के पद पर प्रतिष्ठित था उसकी कड़ी किसी कारण टूट गयी थी उसी ज्ञान को पुनर्जीवित कर युवा विद्यार्थियों को उससे परिचित कराना ही भारतीय ज्ञान परम्परा का उद्देष्य है और इसी लिये एक्सीलेंस महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ.सीमा धुर्वे ने कहा कि भारत के तप:पूत ऋषि-मुनियों विष्ववंधुत्व की भावना से जिस विद्या का अविष्कार किया था आज उसी ज्ञान की भारत को आवष्यकता है। भारत के प्राचीन सामवेद को गीत और नृत्य का स्रोत बताते हुए सुश्री वर्षा लोटस्वे ने इसे मूल संस्कृति और चेतना से युक्त निरूपित किया। डॉ.अनीता झारिया ने विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परम्परा को आत्मसात करने के लिये प्रेरित करते हुए कहा कि पाष्चात्य संस्कृति की जगह ऋषि-मुनियों के बताए रास्ते पर चलकर ही नैतिक उत्थान हो सकता है। भारी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों के मध्य मनीषा भारगव एवं अरूण पनेरिया ने मनमोहक नृत्य और अरूण पनेरिया, सुरेष पटेल तथ विद्या परते ने सस्वर लोकगीत से सभी को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.सीमा धुर्वे, डॉ.अनीता झारिया, सुश्री वर्षा लोटस्वे, डॉ.भावसिंह डावर, श्री रामकुमार चौरसिया, डॉ.अनिल चौरे, डॉ. ए. एस. सिद्दीकी, सुश्री कृष्णा सरैया, श्रीमती अनुराधा पाण्डेय, श्री प्रदीप झारिया, श्री संजय नंदा सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ की सहभागिता रही। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी को जिला स्तर की प्रतियोगिता में सहभागिता का अवसर मिलेगा।

## नगरीय निकाय/पंचायत उप निर्वाचन 2024 के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**मण्डला, देशबन्धु।** नगरीय निकाय/पंचायत उप निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा अधिकारियों को निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेशानुसार मतपत्रों का प्रबंधन के लिए जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी, कार्मिक प्रबंधन/ प्रशिक्षण/ मतदान दल के लिए सहा.आयु.आदि.जन. कार्यविभाग संतोष शुक्ला, कार्मिक प्रबंधन/ प्रशिक्षण /मतदान दल के लिए एनआईसी मंडला श्रीमती मधु मिश्रा, पीओएल व्यवस्था के लिए जिला खाद्य आपूर्ति विभाग श्री मनोज पुराविया तथा ईव्हीएम प्रबंधन के लिए जिला संस्थागत अधिकारी आरके बागड़े और परिवहन व्यवस्था के लिए जिला परिवहन मंडला श्रीमती रमा दुबे को दायित्व सौंपा गया है।

## सीईओ जिला पंचायत ने किया लिंगामाल शिविर का निरीक्षण



**मण्डला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने लिंगामाल में आयोजित आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले हर व्यक्ति का इलाज करते हुए आवश्यकतानुसार दवाईयों का वितरण करें। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाएं। उन्होंने कहा कि सिकलसेल एनीमिया एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करें। ग्रामीणजनों से चर्चा करते हुए सिकलसेल एनीमिया, कुपोषित बच्चों की जाँच सहित 12 तरह की जांचों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत मण्डला विनोद मरावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

### सार-समाचार

## मंडला-जबलपुर मार्ग निर्माण में गुणवत्ता का रखें ध्यान




**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मण्डला-जबलपुर रोड निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने मण्डला-जबलपुर मार्ग के निर्माण कार्य में गुणवक्ता एवं तय मानकों का विशेष ध्यान दें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि मण्डला से जबलपुर एवं मण्डला से रायपुर मार्ग में आवश्यक जगहों पर संकेतक लगाएं। उन्होंने कहा कि बबैहा पुल के लिए नवीन पुल निर्माण का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मण्डला-जबलपुर मार्ग में डामरीकरण की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के गोलमेज में सम्पन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थति थे।

## टीम के रूप में काम करें अधिकारी व कर्मचारी



**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नगर पालिका टाउन हाल में नगरीय क्षेत्र की समस्या पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर व निकाय के सभी वार्डों को साफ-सफाई, सड़क, पेयजल, नाली आदि व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए नगरीय निकाय के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण और अधिकारी-कर्मचारी एक टीम के रूप में कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि शहरी क्षेत्र के निवासियों को प्रदाय की जाने वाली सभी आवश्यक सुविधाओं के अनुरूप सेवाओं को सुचारू रखा जाना चाहिए तथा शहरी क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए भी सार्थक कदम उठाए जाएं। बैठक में उन्होंने बस स्टेंड को शिफ्ट, मछली-मांस, शहर से गाजीपुर चौराहा तक 4 लेन सड़क निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, समस्त पार्षदगण सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने तेजस्विनी एकता महिला महासंघ कोको का निरीक्षण किया



**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को ग्राम कोको विकासखंड बिछिया में तेजस्विनी एकता महिला महासंघ के द्वारा कोदो-कुटकी नमकीन कुकीज उत्पादन का अवलोकन किया। तेजस्विनी महिला संघ के द्वारा कोदो-कुटकी के बिस्किट, नमकीन और चावल बनाए जाते हैं। उक्त उत्पादन को तेजस्विनी महिला संघ के द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों और बाजार में विक्रय के लिए भेजा जाता है।

तेजसिवनी महिला संघ की महिलाओं के द्वारा कोदो-कुटकी से चावल बनाए जाते हैं। मसाला तैयार किया जाता है, इसके बाद मशीन के माध्यम से आटा तैयार कर सांचे में बिस्किट एवं अन्य मिष्ठान्न तैयार किए जाते हैं, जो पूर्णत: जैविक होते हैं। समूह की महिलाओं ने बताया कि यह समूह सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। समूह की महिलाएं आपस में समन्वय बनाकर काम करती हैं।

समूह की महिलाओं के द्वारा आय-व्यय का पूरा ब्यौरा रखा जाता है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने तेजस्विनी महिला संघ के द्वारा तैयार किए जा रहे बिस्किट एवं अन्य पकवान की प्रशंसा की। उन्होंने तेजस्विनी महिला संघ को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव मदद करने की बात कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने कस्टम हायरिंग सेंटर औघटखपरी का निरीक्षण किया

**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को कस्टम हायरिंग केन्द्र औघटखपरी विकासखंड मंडला का निरीक्षण किया। उन्होंने कस्टम हायरिंग केन्द्र में ट्रेक्टर, रोटावेटर, मल्टीक्राप, थ्रेसर, रीपर, स्ट्रारीपर, कल्टीवेटर का अवलोकन किया।

कृषक रूद्रप्रताप नारायण ने कस्टम हायरिंग केन्द्र की लागत 23 लाख 55 हजार रूपए बताया गया। जिससे कृषि अभियांत्रिकी जबलपुर से अनुदान राशि 40 प्रतिशत प्राप्त है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कस्टम हायरिंग केन्द्र में सभी मशीनों को स्टार्ट करवाकर उनका निरीक्षण किया और उपयोग करने के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर किसान रूद्र प्रताप सिंह ठाकुर के खेत में जाकर सुपरसीडर मशीन का भी अवलोकन किया। नरवाई न काटकर सुपरसीडर मशीन के माध्यम से गेहूं बुआई का कार्य किया जा रहा है।

## पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए मंडला जिले के प्रेक्षक की नियुक्ति

**मण्डला, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर परिषद निवास एवं पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 (उत्तरार्द्ध) हेतु निर्वाचन के संचालन के प्रेक्षण हेतु अरूण पाण्डे, भा.प्र.से. (सेवा निवृत्त) भोपाल (म.प्र.) को मण्डला जिले के लिये आयोग द्वारा प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार प्रेक्षक द्वारा इस जिले में प्रथम चरण में 24 नवम्बर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक तथा द्वितीय चरण में 8 दिसम्बर 2024 से 12 दिसम्बर 2024 तक नगर परिषद निवास एवं पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 (उत्तरार्द्ध) के दौरान भ्रमण किया जाना है। जिले में उपस्थित होने वाले प्रेक्षक को नगर परिषद निवास एवं पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 (उत्तरार्द्ध) की जानकारियाँ उपलब्ध कराने एवं उनके साथ भ्रमण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु श्री राहुल शाडिल्य खनिज अधिकारी मण्डला को संपर्क अधिकारी तथा श्री विशाल जांगजुड़े स्टेनोग्राफर संभागीय प्रबंधक मोहगांव परियोजना मंडल मण्डला को नियुक्त किया गया है।

## बक्छेरादोना में अमृत सरोवर का निरीक्षण



**मण्डला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने मण्डला विकासखंड के ग्राम बक्छेरादोना अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि जल संचय करने के लिए गहरीकरण करने और ओवरफ्लो की ऊँचाई बढ़ाएं। सीईओ जिला पंचायत ने अमृत सरोवर के मेढ़ में आगामी वर्षाकाल के पूर्व फलदार पौधे एवं तालाब के सौंदर्यीकरण के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत मण्डला विनोद मरावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## रात्रि चौपाल में मिलेगी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी मिलेगी: कलेक्टर

### जनसुनवाई पंचायतों में भी होगी, स्थानीय समस्याओं का होगा निराकरण






**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बुधवार को किसी एक ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल आयोजित की जा रही है। विभाग प्रमुख अधिकारियों के द्वारा आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम में हितग्राहियों को शासन की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी जाती है। जिससे हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ उठा सकें या शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आगे आ सकें।

रात्रि चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण भी किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं का निराकरण करने के लिए जनपद या जिला स्तर पर न आना पड़े। कलेक्टर सोमेश मिश्रा बुधवार को ग्राम धनगाँव जनपद पंचायत मवई में आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर रात्रि चौपाल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर आकिप खान, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। चौपाल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के 8 आवेदन, स्वच्छ भारत मिशन योजना के 5 आवेदन, सामाजिक न्याय विभाग के 4 आवेदन, मनरेगा योजना अंतर्गत 14 आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण किया गया। राजस्व विभाग में बी-1 का वाचन किया गया। 18 फौती नामांतरण, दो बटवारा और एक त्रुटिसुधार किया गया। रात्रि चौपाल कार्यक्रम में 130 आयुष्मान कार्ड और 13 आधार कार्ड बनाए गए।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि रात्रि चौपाल कार्यक्रम में सभी विभाग प्रमुख अधिकारी शासन की योजनाओं से हितग्राहियों का चयन कर उन्हें लाभान्वित करेंगे। जिससे ग्राम पंचायत धनगांव में कोई भी हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि रात्रि चौपाल कार्यक्रम में शासन की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई है। ग्रामीणजन उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन अवश्य करें। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिससे ग्राम पंचायत की समस्याओं का निराकरण ग्राम पंचायत स्तर पर ही किया जा सके और हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी उपस्थित रहेंगे। ग्राम पंचायतों में गांव के विकास और उन्नति के लिए कार्ययोजना भी बनाई जाएगी, जिससे ग्राम पंचायतों का सर्वांगीण विकास किया जा सके। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर तक नल के माध्यम से पेयजल पहुंचाया जाएगा। इससे ग्रामीणजनों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

उन्होंने चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों को साईबर अपराध के बारे में भी जानकारी दी और इससे बचने तथा धोखाधड़ी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा। पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन होने वाले व्यक्तियों की सूची तैयार करने को कहा तथा पलायन कर ले जाने वाले ठेकेदारों के नाम और मोबाईल नंबर की जानकारी भी रखने की सलाह दी। जिससे किसी भी प्रकार का संकट आने पर उनसे संपर्क किया जा सके। उन्होंने आयोजित चौपाल कार्यक्रम में नागरिकों को नशामुक्त रहने की सलाह दी, जिससे गांव-गांव नशामुक्त बन सके।

आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम में विभाग प्रमुख अधिकारियों के द्वारा नागरिकों को अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने ग्राम पंचायत धनगांव में लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों के नाम भी बताए। आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा खाद, पोषण, सुरक्षा, बीज, सिचाई, खरीफ एवं रबी फसल में मिलने वाले अनुदान, नलकूप योजना, बीज प्रदर्शन, कस्टम हायरिंग के बारे में जानकारी दी गई। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशुपालन, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, कड़कनाथ मुर्गीपालन, बकरीपालन, दुग्ध उत्पादन, आचार्य विद्यासागर दुधारू पशु योजना। उद्यानिकी विभाग द्वारा सब्जी उत्पादन, फल उत्पादन, पौधों को तैयार करने की विधि के बारे में बताया गया। मत्स्य विभाग द्वारा मछलीपालन, तालाब निर्माण हेतु अनुदान, मोटरसाईकिल और आईसबॉक्स तालाब से बाजार तक के लिए प्रदाय किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। विभाग प्रमुख अधिकारियों के द्वारा शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को प्रदाय की जाने वाली राशि और अनुदान के बारे में भी जानकारी दी गई।

**प्रदर्शनी रही आकर्षण का केन्द्र** - विकासखंड मवई के ग्राम पंचायत धनगांव में आयोजित रात्रि चौपाल में विभागों के द्वारा शासन की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। विभागों के द्वारा प्रदर्शनी में अपने-अपने विभाग की जानकारी को प्रदर्शित किया गया था। रात्रि चौपाल कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया और शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## जाहिर सूचना

दिनांक-21/11/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री जैनुल आबदीन खान पिता श्री मो. मोहसिन खान, निवासी- 748, गलगला, तिलक वॉर्ड, जबलपुर, (म.प्र.) के द्वारा श्रीमती राशी चंचलानी पति श्री कैलाश चंद चंचलानी, निवासी- शारदा लॉज गली, गुरूनानक वार्ड, मुरवारा कटनी (म.प्र.), के स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमी खसरा कं. 127 रकबा 0.109 हे., खसरा क्रमांक 128/1 रकबा 0.235 हे., खसरा क्रमांक 129/3 रकबा 0.041 हे. एवं खसरा क्रमांक 126/13 रकबा 0.0070 हे. कुल 0.392 हे. जो ग्राम कटरा प.ह.नं. 56 तहसील मण्डला जिला मण्डला (म.प्र.) पर स्थित है, उक्त सम्पत्ती का सौदा कर प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी गई है एवं बाकी का रकम शीघ्र ही अदा कर रजिस्ट्री करवा ली जोवेगी, सौदे के अनुसार क्रय की जा रही सम्पत्ती में आने का रास्ता श्रीमती राशी चंचलानी पति श्री कैलाश चंद चंचलानी के परिवारिक सम्पत्ती में से अरिहन्त मेगा स्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड को रोड बनाने के लिये विक्रित की गई सम्पत्ती में बनाये गये कॉमन रोड से ही रहेगा और उक्त रोड मेरे पक्षकार श्री जैनुल आबदीन खान पिता श्री मो. मोहसिन खान के द्वारा क्रय की जा रही सम्पत्ती में आने जाने के लिये उपयोग किया जावेगा। श्रीमती राशी चंचलानी पति श्री कैलाश चंद चंचलानी के द्वारा मेरे पक्षकार श्री जैनुल आबदीन खान पिता श्री मो. मोहसिन खान से पूर्व में प्राप्त किये गये अग्रिम (एडवांस) राशि को यदि किसी के बहकावे में आकर वापिस मेरे पक्षकार के खाते में डाला गया है अथवा डाला जावेगा तो उक्त राशि मेरे पक्षकार को स्वीकार नही होकर उपयोग नही किया जायेगा, मेरे पक्षकार आज दिनांक को भी सौदे की बाकी राशी का भुगतान करने को तत्पर होकर सौदे पर कायम है, अत: सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमी के सम्बन्ध में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का सौदा न करे और न ही कोई राशि प्रदान करे, अन्यथा वह वैधानिक अपराध कारित कर दण्डनीय होगा और साथ ही मेरे पक्षकार उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी क्रेता की होगी।

जबलपुर
दिनांक 21/11/2024

सैफ अली, एडव्होकेट
Off: A-14, jagrati nagar, malgujar parisar, jabalpur
(M): 8817698884 E-mail: adv.ashrafisaif@gmail.com